दिन— शनिवार दिनांक— 27 / 06 / 2026

प्रसार भारत
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02 प्रदेश की सभी पंचायतों में कल होगा पंचायत विकास दिवस का आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर में करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ।

03. केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा — भारत को विकसित बनाने का संकल्प एमएसएमई के माध्यम से होगा पूरा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में दक्षिण—पश्चिम मानसून की सक्रियता बढ़ी। अगले पांच दिनों तक विभिन्न भागों में मध्यम से तेज वर्षा का अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————————

बिहार सरकार की पहल पर पंचायतीराज विभाग की ओर से अब प्रत्येक महीने कें अंतिम रविवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस माह कार्यक्रम का विषय है — **महिला हितैषी ग्राम पंचायत।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर पंचायत से इस

कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। पंचायत विकास शिविर का उद्देश्य है ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर जनभागीदारी बढ़ाना और योजनाओं की समीक्षा के माध्यम से पंचायत को सशक्त बनाना है।

———————————————————————

आज एमएसएमई दिवस है। इस अवसर पर देशभर में लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प को एमएसएमई के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

श्री मांझी ने कहा कि देश का एमएसएमई सेक्टर लगातार रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि दो हजार चौदह से अब तक सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में अड़तीस करोड़ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गए हैं।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पटना के वीरचंद पटेल स्थित शहीद देवीपद स्मारक मिलर हाई विद्यालय को मॉडल स्कूल बनाया जाएगा। श्री चौधरी ने आज विद्यालय का दौरा किया और अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर विद्यालय के समग्र विकास के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय राज्य के सभी विद्यालयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत और अनुकरणीय बनेगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का अपार आईडी अनिवार्य कर दिया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव ने जिलाधिकारियों को लिखे पत्र में तीस जून तक सभी विद्यार्थियों को अपार आईडी बनाने का निर्देश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि अपार आईडी के बिना परीक्षा के लिए निबंधन नहीं कराया जा सकेगा। गौरतलब है कि अपार आईडी छात्रों का डिजिटल शैक्षणिक पहचान है, जो उनकी पूरी शिक्षा का रिकॉर्ड सुरक्षित और सुगम बनाती है।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने पीएमसीएच के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एनपी सिंह के खिलाफ एक उच्च्य स्तरीय जांच कमिटी के गठन का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्राचार्य की गंभीर लापरवाही की जांच उच्च्य स्तरीय समिति करेगी। श्री कुमार ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

गन्ना मंत्री संजय पासवान ने कहा है कि प्रदेश के लोगों को अब मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना होगा। मुंगेर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि प्रदेश में आने वाले दिनों में पच्चीस गन्ना फैक्ट्री समेत कई कल–कारखानें खोले जायेंगे।

––साउंड बाइट––

गन्ना मंत्री संजय पासवान मुंगेर जिले के प्रभारी मंत्री हैं। उन्होंने आज मुंगेर दौरे के दौरान बगचपरा में गंगा नदी में डूबने से मृत युवतियों के परिजनों से मुलाकात की और राज्य सरकार की ओर से आपदा राहत राशि चार–चार लाख रुपये का चेक प्रदान किये।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से कल प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। नौ सौ तिरानवे पदों के लिए आयोजित यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पूर्व मध्य रेलवे परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज और कल तेरह परीक्षा विशेष ट्रेन चलायेगा। दानापुर मंडल की ओर से आज पटना के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से सहरसा, भभुआ, बेतिया, पूर्णियां, अररिया और सीवान के लिए कुल छह परीक्षा विशेष ट्रेन चलायी जा रही है। वहीं, कल सात परीक्षा विशेष ट्रेन संचालित होंगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य के अधिकतर भागों में दक्षिण–पश्चिम मानूसन की सक्रियता दिख रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकांश भागों में मानसून का विस्तार हो जाएगा। विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के

दौरान मधेपुरा, पूर्णिया, भागलपुर, कटिहार और सीवान समेत कई जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया, मधेपुरा, कटिहार, बांका, रोहतास और मधुबनी समेत राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर दोपहर बाद तेज हवा के साथ मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गयी है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मधेपुरा के पुरैनी में सबसे अधिक छिहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी कई स्थान पर हल्की वर्षा हुयी है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। अगले दो से तीन घंटों के बीच अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, भोजपुर, गया, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, नालंदा, पटना, पूर्णिया और सुपौल जिले के कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने खराब मौसम को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

———————————————————————

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने कहा है कि अग्नि सुरक्षा केवल एक बार का प्रयास नहीं, बल्कि सतत दायित्व है। राज्यपाल ने लोक भवन में आज राज्य स्तरीय अग्नि सुरक्षा तैयारी सेमिनार में फायर सेफ्टी डिक्लेरेशन का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। राज्यपाल श्री हसनैन ने कहा कि आगजनी की घटनाओं से होने वाले जान–माल के नुकसान को प्रभावी तैयारी और जागरूकता के माध्यम से कम किया जा सकता है। राज्यपाल ने सुरक्षित और आपदा–प्रतिरोधी बिहार के निर्माण के लिए व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाने का भी आह्वान किया।

———————————————————————

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे तक ऑनलाईन सेवाएं नहीं मिल सकेंगी। ऊर्जा विभाग के अनुसार आज रात आठ बजे से कल रात आठ बजे तक विद्युत संबंधित सभी ऑनलाईन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेगी। विभाग ने कहा है कि इस दौरान स्मार्ट मिटर उपभोक्ताओं का रिचार्ज नहीं होने की स्थिति में भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

———————————————————————

आज हेलेन केलर दिवस है। हेलेन केलर जन्म से ही दिव्यांग थीं। देखने और सुनने की क्षमता नहीं होने होने के बावजूद उन्होंने जीवन में दृढ़ संकल्प दिखाया और अपने लक्ष्य हासिल किए। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। बिहार नेत्रहीन परिषद की ओर से आज एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इधर, कल हेलन केलर जयंती की पूर्व संध्या पर पटना में परिषद और बिहार उद्योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग पच्चीस दिव्यांग प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में आज भी मुहर्रम के ताजिया जुलूस का पहलाम किया जा रहा है। पटना के सुलतानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्थर की मस्जिद इलाके में स्थित दरगाह में आज दूसरे दिन भी विभिन्न क्षेत्रों से निकाले गए ताजिया का पहलाम जारी है। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

---

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने मिशन शक्ति के तहत संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

---

जहानाबाद की जिलाधिकारी क्षिरिंग वाई भुटिया ने आज जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है।

---

अररिया जिले में नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत नारा लेखन, निंबधन लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त समाज के लिए सामुहिक संकल्प लिया गया।

---

कटिहार के जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चंद्र चौधरी ने तामगंज मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक और विशिष्ट शिक्षक को निलंबित कर दिया है। इन पर छात्रों से विद्यालय अवधि में कीटनाशक का छिड़काव कराने का आरोप है। वहीं, नाथनगर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक को छात्रा के साथ छेड़खानी के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

किशनगंज के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने मुहर्रम के दौरान ड्यूटी पर मोबाईल फोन चलाने के आरोप में एक महिला सिपाही को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

रोहतास जिला भाजपा इकाई की ओर से समीक्षा बैठक की गयी। पार्टी प्रदेश महामंत्री अभिषेक नीतीन ने कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया।

———————————————————————

सुपौल जिले के विभिन्न स्थानों पर आज दोपहर बाद अच्छी बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है।

———————————————————————

सीवान जिले के दयानंद आर्युवेदिक कॉलेज में प्रज्ञा प्रवाह की ओर से भारत बोध सांस्कृति अवधारणा विषय पर संगोष्ठि आयोजित की गयी। मुख्य वक्ता के तौर पर रामाशीष सिंह, डॉक्टर प्रजापति त्रिपाठी और अन्य ने अपने विचार रखें।

———————————————————————

शिवहर जिले के विभिन्न अंचलों में आज भूमि विवाद निष्पादन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया।

———————————————————————

अररिया जिले में जिलाधिकारी विनोद दूहन की उपस्थिति में एनआईसी के रैंडमाईजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से कर्मियों के बड़े पैमाने पर स्थानांतरण और पदस्थापन की प्रक्रिया पूरी की गयी। वहीं, जिले के आरएस थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो युवकों को एक सौ एक ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02 प्रदेश की सभी पंचायतों में कल होगा पंचायत विकास दिवस का आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर में करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ।

03. केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा – भारत को विकसित बनाने का संकल्प एमएसएमई के माध्यम से होगा पूरा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रियता बढ़ी। अगले पांच दिनों तक विभिन्न भागों में मध्यम से तेज वर्षा का अलर्ट।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।